




जन्मोत्सव

सूर्यकुण्ड धाम में गूंजे हनुमान के जयकारे, तड़के 3 .45 पर मनाया जन्मोत्सव, उमड़ा भक्तों का सैलाब, तीन स्वरूपों में दर्शन देते हैं यहाँ के बजरंगबली

# जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहूं लोक उजागर

**सकवाह, सूर्यकुण्ड।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सूर्यकुण्ड धाम में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व इस वर्ष अगाध श्रद्धा, भक्ति और अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाया गया। ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा क्षेत्र जय श्रीराम और पवनपुत्र हनुमान के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

हनुमान जन्मोत्सव का मुख्य और शुभ क्षण तड़के प्रातः 3 बजकर 45 मिनट पर आया। इस दौरान विद्वान पुजारियों द्वारा विशेष पूजन-अर्चन और महाआरती की गई। जन्मोत्सव की घोषणा होते ही भव्य आतिशबाजी की गई, जिसने आसमान को सतरंगी रोशनी से सराबोर कर दिया। उपस्थित हजारों श्रद्धालु इस अलौकिक पल के साक्षी बने और भक्ति में लीन होकर झूम उठे।

### होते हैं बाल, युवा और वृद्ध स्वरूप के दर्शन

सूर्यकुण्ड धाम की सबसे बड़ी विशेषता यहाँ विराजमान हनुमान जी की प्रतिमा है। मंदिर के सेवादारों के अनुसार, यहाँ भगवान अपने भक्तों को तीन स्वरूपों बाल, युवा और वृद्ध रूप में दर्शन देते हैं। यही विलक्षणता इस धाम को अन्य मंदिरों से अलग बनाती है। मान्यता है कि यहाँ सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है, जिसके चलते यहाँ साल भर भक्तों का तांता लगा रहता है।

### श्रद्धालुओं में रहा उत्साह

मंदिर के पुजारी मुरलीधर नंदा ने बताया कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में पिछले वर्षों की तुलना में भारी बढ़ोतरी देखी गई। आयोजन को सफल बनाने में सेवादार शंकर सिंधिया और रितेश कछवाहा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रद्धालु पूनम सिंधिया ने बताया कि यहाँ आकर अद्भुत मानसिक शांति और दैवीय शक्ति का अनुभव होता है। तथा मन को अत्यधिक सुकूल प्राप्त होता है। पूजन के बाद सभी भक्तों को विशेष प्रसाद का वितरण किया गया। सूर्यकुण्ड धाम में आयोजित इस गरिमामय उत्सव ने एक बार फिर क्षेत्र की अटूट धार्मिक आस्था को रेखांकित किया है।

## गोकुलधाम में गूंजा जय श्री राम, महाआरती में उमड़ा जनसैलाब



उपनगर महाराजपुर के गोकुलधाम कॉलोनी स्थित गार्डन में बने हनुमान मंदिर में आज आराध्य देव हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव अगाध श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर बब्बा जी के जयकारों से गुंजायमान रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मीडिया प्रभारी नवनीत साहू ने बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। विद्वान पंडितों के सानिध्य में हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसके बाद विधि-विधान से पूजन, हवन और महाआरती संपन्न हुई। हवन की पूर्णाहूति में कॉलोनी वासियों और भक्तों ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ आहुतियां दीं।

**भंडारा और कन्या भोजन का आयोजन**-धार्मिक अनुष्ठानों के बाद मंदिर परिसर में कन्या भोजन कराया गया, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। दोपहर से शुरू हुआ प्रसाद वितरण शाम तक अनवरत जारी रहा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सादर प्रसाद ग्रहण किया।

**फलाहारी केक काटकर बनाया यादगार**-जन्मोत्सव की शाम को एक विशेष आयोजन किया गया। संध्या महाआरती के बाद भक्तों ने भव्य तरीके से फलाहारी केक काटकर हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया। इस अनूठे प्रयास ने आयोजन को सभी के लिए यादगार बना दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान गोकुलधाम कॉलोनी के रहवासी और हनुमान भक्त सेवा कार्यों में सक्रिय रहे।

# सांसद फूलो देवी नेताम ने उठाई नई रेल लाइन की मांग

▶ पेंड्रा रोड से गोटेगांव तक रेल कनेक्टिविटी की तैयारी

**नैनपुर।** मंडला और डिंडोरी जैसे आदिवासी बाहुल्य जिलों के लिए रेल सुविधा का वर्षों पुराना इंतजार अब खत्म होने की उम्मीद जगी है। राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलो देवी नेताम ने संसद के उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश को जोड़ने वाली एक महत्वाकांक्षी रेल परियोजना का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से पेंड्रा रोड, अमरकंटक, डिंडोरी, मंडला, घंसौर, लखनादौन होते हुए गोटेगांव श्रीधाम तक नई रेल लाइन के शीघ्र निर्माण की मांग की है।

**धार्मिक और पर्यटन मानचित्र पर चमकेगा क्षेत्र**-सांसद नेताम ने सदन में कहा कि यह रेल लाइन केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी जीवनरेखा साबित होगी। माँ नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलने से धार्मिक पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, विश्व प्रसिद्ध कान्हा नेशनल पार्क आने वाले पर्यटकों के लिए भी यह मार्ग सुलभ होगा।

**आदिवासी अंचलों को मिलेगी नई पहचान**-प्रस्तावित रेल लाइन के माध्यम से डिंडोरी और लखनादौन जैसे क्षेत्र पहली बार राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ सकेंगे। गोटेगांव (श्रीधाम) के माध्यम से यह लाइन दिल्ली-मुंबई रेल कॉरिडोर से जुड़ जाएगी, जिससे स्थानीय निवासियों की पहुँच महानगरों तक आसान हो जाएगी। इस परियोजना से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और व्यापार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

**रेल मंत्रालय से बड़ी उम्मीदें**-संसद में इस मुद्दे के उठने के बाद क्षेत्र के नागरिकों में उत्साह है। रेलवे संघर्ष समिति मंडला के अखिलेश सोनी का कहना है कि यदि यह प्रस्ताव जल्द पास होता है, तो मंडला को एक बहुत बड़ी कनेक्टिविटी मिल जाएगी। वहीं आम नागरिक नितिन सोलंकी के अनुसार, इस रेल लाइन से बाहर पढ़ने जाने वाले बच्चों और रोजगार के लिए पलायन करने वाले लोगों को सीधा फायदा होगा। अब क्षेत्र की जनता की नजरें रेल मंत्रालय द्वारा बजट आवंटन और सर्वे की प्रक्रिया पर टिकी हैं।




# कालपी के पास सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

▶ बेहोशी की हालत में गंभीर घायल युवक को जबलपुर किया रेफर



**बीजाडांडी।** बीजाडांडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कालपी के समीप एक सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसा इतना भीषण था कि युवक मौके पर ही बेहोश हो गया, जिसके कारण अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

बताया गया कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बीजाडांडी अस्पताल पहुँचाया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान युवक की गंभीर स्थिति और बेहोशी को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे तत्काल जबलपुर रेफर कर दिया है।

### पहचान के लिए सहयोग की अपील

बीजाडांडी थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ द्वारा युवक की शिनाख्त के प्रयास निरंतर जारी हैं। पुलिस ने आम जनता और सोशल मीडिया के माध्यम से अपील की है कि यदि कोई इस युवक के बारे में जानकारी रखता है या इसके परिजनों को जानता है, तो तत्काल बीजाडांडी थाने या संबंधित पुलिस स्टाफ से संपर्क करें। बताया गया कि युवक अचेत अवस्था में था, जिससे उसके पते या परिजनों के बारे में जानकारी जुटाना चुनौतीपूर्ण था। पुलिस ने क्षेत्र के नागरिकों से इस सूचना को अधिक से अधिक साझा करने का आग्रह किया है ताकि समय पर युवक को उचित उपचार और उसके परिवार का साथ मिल सके।

## हितकारिणी विद्या मंदिर की सानवी सोनी ने किया टॉप



**नारायणगंज।** क्षेत्र के हितकारिणी विद्या मंदिर, नारायणगंज के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस वर्ष कक्षा पांचवीं की मेधावी छात्रा कुमारी सानवी सोनी ने अपनी शानदार शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया है। रितेश सोनी की सुपुत्री सानवी सोनी ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 400 अंकों में से 350 अंक अर्जित किए हैं। 87.5 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सानवी ने यह सिद्ध कर दिया कि कड़ी मेहनत और एकाग्रता से लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अपनी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सानवी ने इसका पूरा श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अपने माता-पिता के कड़े परिश्रम व प्रेरणा को दिया है।





# कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर मंथन

▶ भाजपा मंडल घुघरी और सलवाह में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

**घुघरी, नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संगठन को मजबूती देने और कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आगाज किया गया। आज, 2 अप्रैल से शुरू हुए इस दो दिवसीय कार्यक्रम में मंडल घुघरी और सलवाह के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

प्रशिक्षण के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मंत्री उईके ने कार्यकर्ताओं का पंजीयन कर उन्हें भाजपा का फीता पहनाकर सम्मानित किया और आह्वान किया कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### मंच पर उपस्थित गणमान्य नेता

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की के अलावा नीरज मरकाम प्रदेश उपाध्यक्ष, संजय कुशराम जिला पंचायत अध्यक्ष, रामप्रकाश साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र राठौर, देवदत्त झा, बिजेंद्र कोकड़िया वरिष्ठ नेता, जनिया बाई मरावी जनपद अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### संगठनात्मक एकजुटता पर दिया गया जोर

इस दौरान भाजपा की रीति नीति एवं संगठनात्मक एकजुटता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन और समन्वय मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे (घुघरी) और राजकुमार चौकसे (सलवाह मंडल अध्यक्ष) के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर रामकली प्रजापति, शंभू साहू, संजय साहू, श्रीराम अग्रवाल, महेंद्र चौकसे, मुन्ना चक्रवर्ती, पंचलाल साहू, बजारी लाल मरावी और मीडिया प्रभारी दुर्गेश प्रजापति सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित में हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति और सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराना है, ताकि वे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की सेवा कर सकें।





# शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ेंगे दिव्यांग बच्चे

▶ दिव्यांग विद्यार्थियों को नि :शुल्क उपकरण और सुविधाओं का मिलेगा लाभ

**नारायणगंज।** नारायणगंज विकासखंड में नवीन शैक्षणिक सत्र का आगाज समावेशी शिक्षा के एक प्रेरक संदेश के साथ हुआ। यहाँ शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर दिव्यांग बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर उनका विशेष सम्मान किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर और नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया, जिससे बच्चों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखा गया।

### श्रवण बाधित बालिका खुशी का हुआ प्रवेश

इस सत्र में प्राथमिक शाला चंदेहरा में श्रवण बाधित बालिका खुशी धुर्वे का कक्षा 1 में नामांकन कराया गया। विद्यालय के शिक्षक सूरज मरावी ने खुशी की शिक्षा की विशेष जिम्मेदारी लेते हुए संकल्प लिया कि बालिका का शैक्षणिक स्तर सामान्य बच्चों के समान और उससे भी बेहतर बनाने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा।

### पुनर्वास और सुविधाओं पर विशेष फोकस

एमआरसी शेख इरफान ने बताया कि समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को मेडिकल प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, और विभिन्न भत्ते उपलब्ध कराए जाते हैं। समग्र शिक्षा अभियान के माध्यम से पात्र बच्चों को ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, और टीएलएम किट जैसे आवश्यक उपकरण नि:शुल्क प्रदान किए जाते हैं। साथ ही, शिक्षकों को ब्रेल और सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण देकर बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दौरान जनपद शिक्षा केंद्र की पूरी टीम बीएसी, एमआईएस और अन्य कर्मचारी इन बच्चों की सेवा और सहयोग के लिए सक्रिय रहे। विकासखंड के संसाधन केंद्रों में अभिभावकों और शिक्षकों को समय-समय पर मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।

**इनका कहना है**

कोई भी दिव्यांग बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। समाज के जिम्मेदार नागरिक, शिक्षक और पंचायत सचिव इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें।

**कमलेश भावेदी, बीआरसी नारायणगंज**

जिले में मेडिकल कैंप और एलिम्को के सहयोग से निरंतर उपकरण वितरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे दिव्यांग बच्चे समाज की मुख्यधारा से मजबूती से जुड़ सकें।

**केके उपाध्यक्ष, एपीसी, जिला शिक्षा केंद्र, मंडला**

## बनार में वॉलीबॉल महाकुंभ का शुभारंभ

**नारायणगंज।** ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान करने और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लाक नारायणगंज के ग्राम पंचायत बनार में गेमिंग स्टार डे-नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 का शुभारंभ किया जा रहा है। विगत 23 वर्षों से आयोजित की जा रही इस खेल परंपरा को इस वर्ष भी बड़े उत्साह के साथ निरंतरता दी जा रही है।

इस खेल महाकुंभ में मध्य प्रदेश सहित अन्य क्षेत्रों की नामी टीमें अपनी खेल कुशलता का प्रदर्शन करेंगी। टूर्नामेंट में मुख्य रूप से दिल्ली, सिवनी, बालाघाट, जबलपुर, मंडला, छिंदवाड़ा, करेली, नरसिंहपुर, छतरपुर, कहानी, घंसौर, कटनी, शहडोल, उमरिया और डिंडोरी जैसी जगहों से खिलाड़ी अपनी टीम के साथ शिरकत करेंगे। आयोजक समिति गेमिंग स्टार और ग्राम पंचायत बनार के पदाधिकारियों ने बताया कि टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण दूधिया रोशनी में होने वाले रोमांचक मुकाबले होंगे। विजेता टीमों के लिए आकर्षक इनाम घोषित किए गए हैं। जिसमें प्रथम पुरस्कार 15 हजार एवं भव्य ट्रॉफी। द्वितीय पुरस्कार 7 हजार एवं ट्रॉफी। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज जैसे विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।



# नैनपुर में उत्साह के साथ मनाया शाला प्रवेश उत्सव

▶ एसडीएम और नपा अध्यक्ष की उपस्थिति में छात्राओं को मिलीं नि :शुल्क साइकिलें

**नैनपुर।** एकीकृत शासकीय कस्तूरबा कन्या माध्यमिक शाला नैनपुर में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ शाला प्रवेश उत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नव-प्रवेशित और पुरानी छात्राओं का तिलक वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, अनुविभागीय अधिकारी आशुतोष महादेव ठाकुर, वार्ड पार्षद श्रीमती निकिता शर्मा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी हीरेन्द्र वर्मा और खंड स्त्रोत समन्वयक विजेन्द्रधर द्विवेदी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार चौरसिया एवं शिक्षक स्टाफ द्वारा अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया।

प्रवेश उत्सव के दौरान छात्राओं को शासन की योजना के तहत नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही, पात्र छात्राओं को आवागमन की सुविधा हेतु नि:शुल्क साइकिलें प्रदान की गईं। उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें नियमित शाला आने और मन लगाकर पढ़ाई कर भविष्य संवारने हेतु प्रोत्साहित किया।

### भोजन व्यवस्था की सराहना

शासन के निर्देशानुसार सहस्त्रबाहु आजीविका स्व-सहायता समूह द्वारा छात्राओं के लिए सुरुचिपूर्ण विशेष भोज का आयोजन किया गया। एसडीएम श्री ठाकुर और जनप्रतिनिधियों ने भोजन कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने समूह द्वारा तैयार किए गए भोजन की गुणवत्ता, किचन की स्वच्छता और मेनू के पालन पर संतोष व्यक्त करते हुए समूह के कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षिका सुश्री शारदा परते द्वारा किया गया। आयोजन में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती ज्ञानवंती पटेल, शिक्षक श्रीमती ज्योति उपाध्याय, शशांक कांड्रा, चरण सिंह इनवाती, श्रीमती आशा तेकाम सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।